उपाध्यक्ष महोदय : इस सभा की यह परम्परा है कि हम यहां दूसरे सदन की कार्यवाही का जिक्र नहीं करते है.....अन्यथा फिर वे लोग भी हमारी सभा की कार्यवाही का उल्लेख कर सकते हैं।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : जहां तक उस भूमि एक भाग को छोड़ देने की बात है श्री शुक्ल तथा श्री गोखले ने यह नहीं स्पष्ट किया कि किस कानून के अधीन ऐसा किया गया क्योंकि 1903 के अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। धारा 38 में केवल प्रतिबंध हटाने की व्यवस्था है। कुछ भी हों मेरा कहना है कि इस भूमि के अधिग्रहण अथवा अनधिग्रहण का 1903 के अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिबंध लगाने से कोई संबंध नहीं है। किसी नागरिक के अधिकार में रहते हुए भी उस भूमि पर इस अधिनियम के अनुसार कुछ प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। अब स्थिति यह है उस भूमि का एक भाग अब भी अधिग्रही है और यह कहना गलत है कि वहां कोई भी व्यक्ति कुछ भी कर सकता है। और श्री शुक्ल तथा श्री गोखले का यह कहना भी भ्रामक है कि वर्ष 1969 की अधिसूचना के अवैध घोषित होने से वर्ष 1962 के अधिसूचना भी स्वतः ही निष्कार्य हो जाती है। 1962 की अधिसूचना को रद्द करने के लिये कोई अन्य अधिसूचना जारी नहीं की गई है। 1903 के अधिनियम में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं हुआ था। यह विचार भी निर्मूल है कि वायु सेना के संस्थान के बन जाने तथा डिपो के सैनिक भाग के वहां से स्थानान्तरित हो जाना, नई स्थिति पैदा हो गई थी।

फिर श्री गोखले तथा श्री शुक्ल जी द्वारा 1969 की अधिसूचना में बताई गई कमियों संबंधी तर्क श्री जगजीवन राम, रक्षा मंत्री द्वारा श्री महाबीर त्यागी को 25 अप्रैल, 1973 को लिखे गये पत्र द्वारा दी असंगत सिद्ध हो जाते हैं। पत्र में कहा गया है कि 1969 की अधिसूचना की त्रुटियों के बारे में दिसम्बर, 1972 में ही मालूम पड़ा। मेरा निवेदन है कि इस से पूर्व तो विशेषकर प्रतिरक्षा अधिकारियों को उक्त अधिसूचना को सही मानना चाहिये था तथा उसमें उल्लिखित प्रतिबंधों का पालन किया जाना चाहिये था। कमांडिंग अफसर ने यह पत्र 11 मार्च, 1971 को लिखा था। अतः इस प्रकार उक्त तर्क निराधार सिद्ध होता है। इस अधिसूचना को, आवश्यक था, कि दिसंबर, 1972 तक वैध माना जाता, तो फिर क्यों तथा किन के द्वारा इस की उपेक्षा की गई? 11 मार्च, 1971 को कमांडिंग अफसर द्वारा की गई आपत्तियों की उपेक्षा नहीं की जा सकती थी।

मारूति लिमिटेड के बारे में रक्षा उत्पादन मंत्री श्री शुक्ल ने अपने वक्तव्य में एक बड़ी ही रोचक बात कही और वह यह कि यह ध्यान देने योग्य बात है, कि यह सब कुछ तो उस समय हुआ जब कि मारूति लिमिटेड नाम के संस्थान की बात तो किसी के मस्तिष्क में दी गई थी। परन्तु मैं यहां एक पत्र सभा पटल पर रखता हूं जो कि मैं अध्यक्ष महोदय को भी दे चुका हूं जिस के लिए हो जाता है कि मारूति लिमिटेड की स्थापना के बारे में तो वर्ष 1968 में ही विचार पैदा हो गया था। यह पत्र प्रार्थना पत्र संख्या 854, वर्ष 1968 है और इस में पता है; "संजय गांधी, नई दिल्ली"। स्थान का नाम गुड़गांव, हरियाणा है, फिर भी मंत्री महोदय ने ऐसा गलत बयान दिया है।

औद्योगिक विकास तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री सी० सुब्रह्मण्यम) : शुद्धि करने के उद्देश्य से उन्होंने पत्र का केवल अंतिम भाग पढ़ा है। इस पत्र में स्थान का नाम फरिदाबाद, तहसील बल्लभगढ़, जिला गुडगांव, हरियाणा राज्य लिखा है। स्थान में परिवर्तन के लिये वर्ष 1970 में कहा गया था तथा इसके लिये स्वीकृति 5-11-70 को दी गई थी। यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिये। जिला गुड़गांव के स्थान पर केवल 'गुड़गाव' शब्द पढ़कर माननीय सदस्य सदन को गुमराह कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : मंत्री महोदय ने यह जानकारी यदि किसी सरकारी पत्र से की है तो वह उसे सभा पटल पर रखे।

श्री सी० सुब्रह्मण्यम : मैं रख दूंगा।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : मैं अपनी बात लायसेंस समिति के टिप्पण में से कही है जिसमें "गुड़गाव हरियाणा राज्य" लिखा है। अतः स्वयं मंत्री महोदय ही सभा को गुमराह कर रहे हैं।

स्थिति यह है कि श्री शुक्ल ने अपने वक्तव्य में स्थान आदि का वर्णन नहीं किया उन्होंने केवल इतना कहा था कि 11 जनवरी, 1969 तक तो मैसर्ज मारूति लिमिटेड के बारे में सोचा भी नही गया था। फिर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अथवा गुड़गांव के कलक्टर को भी 1969 की अधिसूचना का ज्ञान नहीं था। यह अत्यन्त भ्रामक और गुमराह करने वाला वक्तव्य है। मेरे पास इस बात के प्रमाण है कि यहां तक कि अनपढ़ ग्रामिणों ने भी संबंधित अधिसूचना का उल्लेख करके उस भूमि के अधिग्रहण के विरुद्ध अपनी आपत्तियां पेश की थीं। क्या यह विचित्र तर्क है, कि अनपढ़ ग्रामिणों को उस अधिसूचना की जानकारी है परन्तु हरियाणा सरकार को मालूम तक नहीं है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायतों में 1962 तथा 1969 दोनों वर्षों की अधिसूचनाओं का उल्लेख किया है परन्तु श्री शुक्ल जी कहते है कि हरियाणा सरकार अथवा गुड़गांव के उपायुक्त को इस 1969 की अधिसूचना की जानकारी दी नहीं थी। फिर उक्त अधिसूचना को केन्द्रीय राजपत्र में भी प्रकाशित किया गया था जिसके बाद इस अधिसूचना के बारे में किसी व्यक्ति विशेष को पृथक से बताने की आवश्यकता भी नहीं होती और केन्द्र की इस अधिसूचना

[श्री श्यामनन्दन मिश्र]

को संबंधित राज्य सरकार को लागू करना होता है। परन्तु विचित्र बात तो यह कही गई है कि हरियाणा सरकार या गुड़गांव के उपायुक्त को इनकी जानकारी तक नहीं है। साथ ही केन्द्र सरकार यह भी कहती है कि आम जनता ने इस अधिसूचना के विरुद्ध आपत्तियां उठाई थी।

श्री शुक्ल के विरुद्ध मेरी अंतिम शिकायत यह है कि उन्होंने रक्षा मंत्रालय से 1956 के पत्र में उल्लिखित वायुसेना संस्थानों के आसपास अधिकृत अथवा अनधिकृत भूमि पर भवनों आदि के निर्माण पर नियंत्रण रखने सम्बन्धी कानूनों के बारे में सभा को गुमराह किया। उन्होंने कहा था कि प्रतिरक्षा मंत्रालय के पत्र में यह भी व्यवस्था थी कि यदि आवश्यक हो तो केंद्र सरकार संबंधित राज्य सरकार से विचार-विमर्श करके भी ऐसे मामले तय कर सकती है और इसी के अनुसार तथ्यों के आधार पर सरकार हरियाणा सरकार के साथ विचार-विमर्श द्वारा इस मामले की जांच कर रही है।

परन्तु राज्य सरकार से बातचीत तो उसी सूरत में की जाती है जबकि राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के अनुदशों का उल्लंघन किया है।

एक माननीय सदस्य : माननीय सदस्य ने बहुत समय ले लिया है।

उपाध्यक्ष महोदय : मुझे इस का ध्यान है परन्तु मैं देश में यह भावना भी नहीं फैलने देना चाहता कि समय को लेकर सारी बात को सामने आने से रोका गया है। यह एक महत्वपूर्ण चर्चा है।

श्री नरेन्द्र कुमार सालवे (बेतुल) : यही सिद्धान्त दूसरे पक्ष पर भी लागू किया जाना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं तो इस निष्पक्ष भाव से लागू करूंगा। परन्तु नियमानुसार श्री मिश्र जा को समय कुछ अधिक मिलेगा क्योंकि उन्होंने ही यह चर्चा आरंभ की है। दूसरी ओर शासक दल की ओर से भी बहुत से सदस्य बोलना चाहते हैं। हम ध्यान तो रखेंग कि कोई सदस्य वंचित न रह जाये तो भी जो सीमायें हैं उन्हें भी नज़र से रखा जाना है।

श्यामनन्दन मिश्र : श्रीमन् सरकार ने इस प्रकार अपने अपराध के पक्ष में ये नाष्क्य तक देकर अपनी प्रतिष्ठा कम की है। य तीन मंत्री महोदय यदि साफ साफ कह दे ते कि अपने नेता को खुश करने के उत्साह में उन से कुछ गलतियां हो गई हैं जो संभव है सभा कुछ नम्रता का व्यवहार उन के साथ करती परन्तु अपने आप एक को छिपाने के लिये गलत जानकारी देकर सभा गुमराह कर के इन्होंने अपने दोष को बढ़ा लिया है। अब तीनों मंत्रियों के पृथक पृथक वक्तव्य इनकी दुर्भावनाओं के परिचायक है और यह साफ दृष्टि गोचर हो जाता है इस सारे मामले के पीछे कोई अनुचित कार्य किया जा रहा है।

अब निष्कर्ष यह है कि प्रतिरक्षा संस्थानों संबंधी नियमों को किसी गैर सरकारी दल की खातिर तोड़ा गया है, दूसरे 1962 की अधिसूचना को अनचित रूप से निष्कर्ष घोषित किया गया है (जब कि नियमानुसार यह अब भी प्रभावी है) जिसका अर्थ है कि किसी प्राइवेट व्यक्ति के लाभ के लिये कानूनों की हत्या की गई है। अब यह स्पष्ट है कि यह अधिसूचना न तो वापस ली गई थी और नहीं रद्द की गई थी बल्कि एक बड़े आदमी को लाभ पहुंचाने के लिये उसके क्रियान्वयन को रोक दिया गया था, तीसरे सभी उद्देश्य को लेकर वर्ष 1969 की अधिसूचना भी रद्द की गई। सरकार ने एक विचित्र धारणा प्रदर्शित की है कि राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना एक सार्वजनिक सूचना नहीं है। चौथे इन दो अधिसूचनाओं को अवैध करने के पश्चात् सरकार ने देश के हित में प्रतिरक्षा संस्थानों की सुरक्षा के हित में कोई नई अधिसूचना जारी क्यों नहीं की। रक्षा मंत्री महोदय का कहना है कि 1969 की अधिसूचना में त्रुटियों का ज्ञान उन्हें दिसंबर, 1972 में हुआ। अब वर्ष 1972 के मध्य चल रहा है। अब तक भी कोई नई अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

साथ ही यह भी प्रश्न उठता है कि यदि ये दोनों अधिसूचनायें अवैध है तो वर्ष 1956 के पत्र तथा वर्ष 1966 के परिपत्र का क्या हुआ जिनमें भी प्रतिबंध लगने की बात थी ? उन्हें क्रियान्वित क्यों नहीं किया गया ? फिर सरकार ने 11 मार्च, 1971 को जारी किये गये कमांडिंग अफसर के पत्र को भी निष्प्रभावी सिद्ध कर दिया है । क्या सभा यह स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं कर सकती कि कमांडिंग अफसर से पत्र पर कार्यवाही क्यों नही की गई ? फिर 1965 में भी कमांडिंग अफसर ने इस पत्र द्वारा उस क्षेत्र में रहने वाले एक भूतपूर्व सिपाही से कहा था वह वहां पर कोई निर्माण न करे अन्यथा उसे गिरा दिया जायेगा, वह पत्र मेरे पास है । अब मुझे जानकारी मिली है कि उस कमांडिंग अफसर को अपना कार्य ईमान्दारी और कुशलता से करने पर दण्डित किया जा रहा है ।

यह कहा जा रहा है कि श्री ओ०पी० मेहरा का नाम अनियमितताओं पर कीचड़ उछालने के लिय लिया जा रहा है ।

श्री विक्रम महाजन : हम चाहते है कि इन शब्दों का कार्यवाही वृतान्त से निकाल दिया जाये...

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने कुछ टिप्पणियां की है जिनको विरोध किया गया है ।

श्री विक्रम महाजन : नियम 380 में अध्यक्ष महोदय को निन्दा पूर्ण शब्दों आदि का कार्यवाही कार्यवारी वृत्तान्त से निकालने का अधिकार है ।

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होने जो कुछ वक्तव्य दिया है, कृपया बताएं कि उसमें से क्या आपत्तिजनक है ।

श्री विक्रम महाजन : इससे अधिक आपत्तिजनक क्या हो सकता है कि भारतीय वायु सेना के एक उच्च अधिकारी को इस उद्देश्य के लिये लाया गया है ।

श्री राम सहाय पांडे : सदस्यों द्वारा किसी विशेष अधिकारी के नाम का यहा उल्लेख करने का उद्देश्य देखा जाना चाहिये ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं यहां पर कार्यवाही को नियमित रूप से चलाने के लिये बैठा हूं । मैं सदस्यों के उद्देश्य को नहीं जान सकता ।

Shri Madhu Limaye : On a point of order, Sir. I have listened to the debate very carefully. Shri Mishra has not said anything on which there should be any hue and cry. Mr. Speaker had told me in the morning not to use the word "gondai". But 10 persons stand at a time, what is this? I want your ruling in this matter. Has the Maruti affair assumed so much importance?

श्री नरेन्द्र कुमार सालवे (बैतुल) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । यदि हम श्री मिश्र जी की तरह अपनी रक्षा सेवाओं का उल्लेख करेंगे तो यह अशोभनीय बात है ।

यह सदन स्वीकार करता है कि हमारी सेना ने देश का नाम ऊंचा किया है । अतएव हमें उनके प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहिए ।

श्री सी० एम०, स्टीफन (मुवतुपुजा) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

उपाध्यक्ष महोदय : पहले मैं एक विषय से निपट लूं ।

बात यह है कि उन्होंने अपने वक्तव्य में किसी विशेष अधिकारी के बारे म कुछ उल्लेख किया है । यदि इसे उस अधिकारी के विरुद्ध आरोप माना जाये तो यह उक्त नियम के अंतर्गत जा

[उपाध्यक्ष महोदय]

सकता है मेरे यदि बात यह है कि सरकार ने किसी अधिकारी को किसी उद्देश्य से नियुक्त किया है तो इसका उत्तर सरकार को देना है।

यह मामला नाजुक है इसे एक बार तय कर लेना चाहिये।

श्री विक्रम महाजन : इस प्रकार के निराधार आरोपों से वायुमंडल और भी दूषित हो जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य को यह कहने का अधिकार है कि श्री श्याम नन्दन मिश्र का कथन किन्ही उद्देश्यों के कारण है।

रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : श्री श्याम नन्दन मिश्र का यह आरोप कि सरकार कमांडिग अफसर को दण्ड दे रही है सर्वथा गलत है ...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वह व्यवस्था के प्रश्न पर बोल रहे हैं ?

श्री विद्या चरण शुक्ल : मैं केवल आरोपों का खण्डन कर रहा हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : कई बार व्यवस्था के ऐसे प्रश्न उठाये जाते है जो बाद में व्यवस्था के प्रश्न नहीं पाये जाते हैं।

श्री सी० एम० स्टीफन : सभा के समक्ष एक विशेष संकल्प है। प्रश्न केवल यही है कि क्या मंत्री महोदय का वक्तव्य सभा को गुमराह करने के लिये था। इसका निर्णय किये बिना अन्य विषय लेना युक्त नहीं है। श्री मिश्रा द्वारा लगाया गया आरोप सभा के समक्ष संकल्प से असंबद्ध है।

श्री एस० ए० शमीम : मैं सभा को बताना चाहता हूं ...

उपाध्यक्ष महोदय : यदि श्री स्टीफन ने पूरे संकल्प को पढ़ लेते तो अच्छा होता।

श्री ए० पी० शर्मा : व्यवस्था के प्रश्न पर नियम 352(v) के अधीन उल्लेख किया जा सकता है। (अंतर्बाधाएं)

उपाध्यक्ष महोदय : उन्हें बात करने दें।

श्री ए० पी० शर्मा : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि श्री मिश्र, सरकार के इरादे का उल्लेख कर सकते हैं परन्तु किसी विशेष अधिकारी का नामोल्लेख नहीं कर सकते।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं समझता हूं कि श्री शर्मा ने नियम को ठीक से नहीं पढ़ा है।

संविधान में स्पष्टत : कहा गया है कि लोगों की आलोचना एक संकल्प के रूप में ही की जा सकती है।

डॉ० हेनरी ऑस्टिन : माननीय सदस्य ने एक सैनिक अधिकारी पर दोषारोपण किया है। नियम 353 के अनुसार इस प्रकार का दोषोरोपण नहीं किया जा सकता। अतएव उनके कथन को कार्यवाही वृत्तान्त में नहीं लिया जाना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने अपना निर्णय दे दिया है।

डॉ० हेनरी ऑस्टिन : निर्णय दोषारोपण के बारे में नहीं था। दोषारोपण बड़ा गम्भीर मामला है।

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने केवल यही कहा था कि उक्त अधिकारी को सरकार ने किसी उद्देश्य से नियुक्त किया है। मैंने अपना निर्णय दे दिया है।

श्री एस० ए० शमीम : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। किसी अभियुक्त द्वारा इस अपराध करने से पूर्व जांच नहीं की जाती है।

उपाध्यक्ष महोदय : यह संगत नहीं है।

श्री श्याम नंदन मिश्र : यह मामला अत्यन्त गम्भीर है। इससे 'राज्य' का उपयोग 'सम्पदा' के रूप में किया गया है। इस मामले को भारत का वाटरगेट मामला कहा गया है जो कि ठीक नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय : वाटरगेट शब्दकोश के लिए एक नया शब्द है।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : राष्ट्रपति निक्सन ने पूरे मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

मेरा प्रधान मंत्री से निवेदन है कि इस मामले की जांच के लिये एक जांच समिति नियुक्त की जाये। गुड़गांव के रक्षा प्रतिष्ठानों के क्षेत्र से मारूति और अन्य गैर-सरकारी निर्माणों को हटाया जाये। उनके लिये युक्त यही होगा कि वह हमारी मांग का स्वीकार करें।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया :

"कि यह सभा औद्योगिक विकास मंत्री श्री सी० सुब्रह्मण्यम रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री श्री विद्याचरण शुक्ल और विधि न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री श्री एच० आर० गोखले आचरण पर जिन्होंने समुचित रक्षा अधिकारियों द्वारा आपत्तियां किये जाने के बावजूद भारतीय रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 के उपबन्धों तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के उल्लंघन के संबंध में सभा में 22 दिसम्बर, 1972, 1 मार्च, 1973 तथा 7 मार्च, 1973 के अपने वक्तव्यों में सभा को गुमराह किया है, खेद व्यक्त करती है।"

इस पर दो संशोधन प्राप्त हुए हैं। परन्तु यह एक दिन पूर्व प्राप्त होने चाहिए थे। श्री मधु लिमये ने कहा है कि वह यहां नहीं थे —आज प्रातः ही लौटे हैं। परन्तु संसदीय कार्य के लिए यह कोई कारण नहीं है।

Shri Madhu Limaye : Kindly listen to me for a minute. How can you give your ruling without hearing. I am speaking on a point of order you have been empowered under the rules and similar amendments have been made in this House many times in the past. I can quote several examples if you so desire. You just read it out, what is their objections ?

उपाध्यक्ष महोदय : श्री मधु लिमये यह सिद्ध करना चाहते हैं कि मझे स्वविवेक के प्रयोग करने का अधिकार है।

श्री० के० एस० चावडा : नियम 345 के अनुसार आप को स्वविवेक का अधिकार प्राप्त है।

उपाध्यक्ष महोदय : नियम 79 के अनुसार एक दिन की पूर्व सूचना अपेक्षित है।

Shri Madhu Limaye : You have not heard my point of order. First listen to it and then give your ruling. Mr. Deputy Speaker, you had said earlier that you would take sense of the House but now you are going to give your ruling. What is my amendment on which sense of the House is being taken ?

श्री ज्योतिर्मय बसु : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। सभा पीठ के कार्य में कुछ एकरूपता होनी चाहिए। पहले आपने कई बार ऐसे संशोधन स्वीकार कर चुके हैं। अतएव इसे भी स्वीकार करें।

Shri Madhu Limaye : Mr. Deputy Speaker, let me complete my point of order. There are different rules for Bills and Resolutions.

How the question of taking sense of the House arises? I wanted to move this amendment (*Interruptions*). Is it a procedure ? I am speaking on a point of order.

* *

उपाध्यक्ष महोदय : इसे कार्यवाही वृत्तान्त में नहीं लिया जायेगा।

Shri Madhu Limaye : They cannot intervene, I have a point of order.

उपाध्यक्ष महोदय : अब मैं अपना निर्णय देता हूँ।

Shri Madhu Limaye : I have not concluded, yet.

श्री सी० एम० स्टीफन : उन्हें बोलने का अधिकार है।

श्री समर गुह : इस सभा का संचालन कौन कर रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है कि क्या इस समय व्यवस्था का प्रश्न रखा जा सकता है। अभी मैंने अपना निर्णय नहीं दिया है। अतएव उन्हें संशोधन पर नही बोलना चाहिए।

Shri Madhu Limaye : You have not heard my point of order. You have changed your ruling twice. Please listen to my point of order.

उपाध्यक्ष महोदय : संसदीय कार्य मंत्री ने सप्ताह की कार्य-सूची में इसकी सूचना दी थी यदि सदस्य ध्यान देते तो संशोधन समय पर भेज सकते थे।

Shri Madhu Limaye : It is a very simple matter. Mr. Speaker has allowed it not once but a number of times. They have nothing to do with it. It is for you to decide. A number of hon'ble Members have been permitted on many occasions. As I am mentioning the name of the Prime Minister, I am sure that you will allow me because you are impartial. You will maintain the dignity of the House and the Chair. Therefore, I have no doubt in my mind.

* * * *

उपाध्यक्ष महोदय : यह ठीक है सभापीठ स्वविवेक से संशोधन स्वीकार सकती है। अतएव मैं इसे अस्वीकार करता हूँ।

Shri Madhu Limaye : Mr. Deputy Speaker, I do not want to interrupt him. Therefore I rise on a point of order. What I have concluded from the speech made by Shri Shyamanandan Mishra is that he placed some confidential paper on the Table and Government have raised certain objections as to the partial genuineness of the paper. In these circumstances, there is a rule regarding placing the papers on the Table of the House and there is a previous ruling on this. I would suggest that an original copy of the paper should be placed on the Table for the information of the hon'ble Members for three or four days it should be kept in your custody. It has happened earlier also. Original copy should be kept and not the carbon copy. Once such a decision was taken. The

**कार्यवाही वृतान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

**Not recorded.

original copy should be available for three or four days and thereafter the same may be returned and then attested copy of the same should be available. Thereafter the point of Shri Shamanandan Mishra (*Interruptions*) I have always been extending my cooperation, you should also help me. Don't say that question of privilege motion does not arise.

Therefore, you should give a clear cut ruling. If you want I shall get you the precedent because they do not deny that there is no such paper but they say that there is some difference in two or three things. We should know whether they have tampered with it afterwards or not, you should keep the paper on the Table of the House under strict vigilance, let the hon'ble Member see that for three days—You decide the issue after due consideration.

उपाध्यक्ष महोदय : मैं इस पर ध्यान दूंगा।

श्री नरेन्द्र कुमार सालवे (बेतुल) : यह भाषण पिछले सात वर्ष में लोक सभा में दिये गये भाषणों में से सबसे अधिक लम्बा है। इसे संक्षिप्त संगत बनाया जा सकता था।

मैं समझता हूँ कि वाद-विवादों का उद्देश्य राजनीतिक हित बन गया है।

विरोधी पक्ष मारूति लि० पर बहुत आन्दोलित लगता है। हम उनके सभी तथ्यों का उत्तर देंगे। श्री मिश्रा ने कई विशेषणों का उपयोग किया जोकि अनावश्यक थे।

श्री मिश्र ने वायु सेना के सर्वोच्च अधिकारी के विरुद्ध आरोप लगाये हैं। अच्छा होता यदि यह आरोप न लगाये जाते यह विवाद राजनीतिक दलों के मध्य है। इसमें सेना के अधिकारियों को नहीं लिया जाना चाहिए। श्री शुक्ल ने आरोप का पूर्णतः खण्डन किया है।

मारुति के मामले को पत्रों में भारत का वाटरगेट कहा गया है। किसी को हल्का प्रचार नहीं करना चाहिए। उनको पता नहीं कि वाटरगेट घोटाला क्या है अथवा उनको इस मामले के तथ्यों का पता नहीं है। जिस को वाटरगेट का ब्यौरा मालूम है वह इस मामले को उसके साथ नहीं मिलायेगा।

यह मामला बहुत साधारण है। जब 1966 में यह संगठन विशेष स्थापित किया गया तो 1962 का घोषणा वास्तव में लागू नहीं थी। इस के अतिरिक्त 1969 की घोषणा पर ही वास्तव में अमल नहीं किया जा रहा था। वास्तव में समूचा इण्डियन वर्कस आफ डिन्फेस एक्ट, 1903 इस परियोजना पर लागू नहीं होता। अतः गुमराह करने का प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता। अधिनियम के उल्लंघन का कोई प्रश्न ही नहीं है क्योंकि अधिनियम उस समय लागू नहीं था। माननीय मंत्री श्री सुब्रह्मण्यम ने कहा था कि "यदि कोई मुख्य मंत्री यह चाहे कि कार परियोजना, जिसमें 4000 लोगों को रोजगार देने की क्षमता हो, उसके राज्य में लगे और यदि मुख्यमंत्री उसको अपनी ओर आकर्षित करने के लिए रुचि दिखाता है, जिसपर आपत्ति नहीं की जानी चाहिए, तो भी इसके लिए उनको कोई अनियमितता नहीं करने चाहिए। यदि कोई अनियमितता हुई और यदि कोई आरोप लगाये गये तो मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि हम उसकी जांच के लिए तैयार हैं।" यह शब्द उस समय के मंत्री महोदय ने कहे थे। इस पर श्री श्यामनन्दन मिश्र ने कहा था कि प्रतिरक्षा प्रतिष्ठानों का क्या होगा। उनको वहां से किस प्रकार हटाया जायेगा। इस पर श्री विद्याचरण शुक्ल ने कहा था कि उनको कोई आपत्ति नहीं है। अतः मैं अब यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि उक्त अधिनियम लागू नहीं था अतः इस परियोजना से अधिनियम का उल्लंघन नहीं होता। यह मेरी प्रथम बात है।

वहां पर 1966 में गोलाबारूद का एक डिपो था। मैं यह बात स्पष्ट कर देना चाहता है कि गोलाबारूद डिपो तथा वायुसेना स्टोरेज पार्क दो पृथक परियोजनाएं हैं। धारा 1 में कहा गया है कि प्रतिबन्धित क्षेत्र की सीमा 2000 गज पर नियत की जानी चाहिए गोलाबारूद डिपो

[श्री नरेन्द्र कुमार सालवे]

1966 में खत्म हो गया था और वायुसेना स्टोरेज पार्क 1966 में ही बना था। सम्बन्धित अधिनियम की धारा 3(1) के अन्तर्गत ये दोनों अलग अलग परियोजनाएं हैं। अतः देखना यह है कि धारा 3(1) के अन्तर्गत उक्त निर्माण कार्य के सम्बन्ध में प्रतिबन्धित क्षेत्र की घोषणा ठीक है अथवा नहीं।

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगुसराय): आप यह कहना चाहते है कि जहां तक 1962 की घोषणा का सम्बन्ध है। वायुसेना प्रतिष्ठान असुरक्षित थे ?

श्री नरेन्द्र कुमार सालवे : प्रतिबन्धित क्षेत्र एक परियोजना विशेष के लिए बनाया गया था। वह परियोजना और ए० एस० पी० दो अलग परियोजनाएं है। अतः जो चीज एक के बारे में है वह हो सकता है कि दूसरे के बारे में न हो। यह स्पष्ट है कि 1962 की घोषणा में प्रतिबन्धित क्षेत्र अहाते की बाहरी सीमा से आरम्भ होता है। यह क्षेत्र बनाने का अधिकार किस को है यह बात धारा 3(1) में दी गई है। यदि मेरे माननीय मिश्र इस धारा को पढ़े तो उनके मन में कोई शंका नहीं रह जायेंगी। क्या श्री मिश्र यह कहना चाहते थे कि 2000 गज की सीमा ए० एस० पी० तथा गोलाबारूद डिपों दोनों के लिए है। यदि उनकी धारणा यह है तो फिर वह गलती पर हैं। उनका कहना है कि यह सीमा 3500 गज है। परन्तु यह सीमा 2000 गज से अधिक नहीं है।

श्री मिश्रा जी की दूसरी बात यह थी कि यदि एक बार कोई अधिसूचना गजट में प्रकाशित हो जाती है तो उसे सार्वजनिक नोटिस मान लिया जाता है। यह अपनी अपनी राय की बात है।

उप-धारा(2) में उन शर्तों का उल्लेख किया गया है जिसको किसी भी वैध घोषणा से पूर्व पूरा किया जाना आवश्यक है। पहली आवश्यकता यह है कि घोषणा को गजट में प्रकाशित किया जाये और दूसरी आवश्यकता यह है कि सार्वजनिक नोटिस दिया जाये। श्री मिश्र का कहना यह है कि यदि एक बार घोषणा को गजट में प्रकाशित कर दिया जाता है तो वह सार्वजनिक नोटिस बन जाता है कानून रूप से यह स्थिति नहीं है।

जहां तक 54 ए०एस०पी० का सम्बन्ध है इंडियन डिफेन्स आफ वर्कस एक्ट इस पर लागू नहीं होता। कानून में यह स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है। श्री विद्याचरण शुक्ल ने यह कहा था कि उन प्रतिष्ठानों को इस परियोजना की स्थापना पर कोई आपत्ति नहीं है। परन्तु यदि कानून ही उसपर लागू नहीं होता तो आपत्ति उठाने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता। माननीय सदस्य ने एक पत्र का उल्लेख किया है और कहा है कि 'वह कमांडिंग अफिसर है। परन्तु मुझे पता लगा है कि वह व्यक्ति कमांडिंग आफिसर नहीं है। इस का उत्तर भी श्री शुक्ल देंगे। मैंने उस पत्र को नहीं देखा है। माननीय सदस्य ने 1956 के एक पत्र का भी उल्लेख किया था। मुझे पता लगा है कि 1956 में केन्द्रीय सरकार इस समूचे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक व्यापक कानून पर विचार कर रही थी। इस बारे में राज्य सरकारों को भी लिखा गया था, परन्तु यह कहा गया था कि जबतक यह कानून नहीं बनता, राज्य सरकारें रक्षा परियोजनाओं तथा अन्य परियोजना के बारे में उत्पन्न होने वाली किसी भी कठिनाई को दूर कर सकती हैं।परन्तु यह कानून जिसे सरकार 1956 में बनाना चाहती थीं, कभी नहीं बना है, यदि मैंने जो कहा वह ठीक है तो माननीय सदस्य को क्षमायाचना करनी चाहिए। अतः मेरा निवेदन है कि प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाये।

सभापति महोदय : माननीय मंत्री को उत्तर देने के लिए किस समय बुलाया जाय?

संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया) : पांच बजे।

Mr. Chairman : It means we have still about two hours for discussion. I would like to take the sense of the House.

श्री के० रघुरामैया : मेरा अनुरोध है कि मंत्री महोदय को 5 बजे बुलाया जाये।

सभापति महोदय: अध्यक्ष महोदय द्वारा 5 घंटे का समय नियत किया गया था, मंत्री महोदय को साढ़े पांच बजे बुलाया जायेगा। इससे चर्चा के लिए आधा घण्टा और मिलेगा।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : आधे घण्टे की चर्चा को अगले पत्र तक स्थगित करने के बारे में क्या निर्णय किया गया है।

सभापति महोदय : मैं इस पर विनिर्णय नहीं दे सकता।

श्री ज्योतिर्मय बसु : इस विषय पर चर्चा करते समय हमें देश की सुरक्षा और उसके लिए लगाये गये उपकरणों आदि की सुरक्षा के प्रश्न की जांच करनी है। यदि इस को अनदेखा किया जाता है तो यह एक गलत बात होगी। उस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को वहां पर एक कुआं खोदने की भी अनुमति नहीं दी जाती है। उस क्षेत्र में एक व्यक्ति को चारदिवारी बनाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी, 15-12-1962 की अधिसूचना को कभी भी रद्द नहीं किया गया है। यह अभी तक वैध हो।

भूमि देने के औचित्य का मामला एक और मामला हैं। प्रधान मंत्री को इस सभा में स्वीकृति लेनी चाहिए थी। इस मामले की जांच कराई जानी आवश्यक है। जैसा मैंने पहले कहा, 1962 का आदेश अभी भी वैध है। मैंने श्री जगजीवनराम को एक पत्र लिखा था, उसके उत्तर में उन्होंने कहां है कि रक्षा मंत्रालयने हरियाणा सरकार को लिखा था जिसने उत्तर में कुछ सुझाव दिये हैं। इन पर मंत्रालय में विचार किया जा रहा है और हरियाणा सरकार के परामर्श से इन पर निर्णय लिया जायेगा। मैं केवल इतना ही कह सकता हूँ कि रक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जायेगा। यह सब कुछ श्री जगजीवनराम ने मेरे पत्र के उत्तर में कहा है। मैं चाहता हूँ कि रक्षा मंत्री सभा को बतायें कि इस बीच क्या निर्णय लिए गए हैं। यह कहा गया है कि सेना एम्यूनिशन डिपो को मार्च अप्रैल 1956 में वहां से हटा लिया गया था। इस स्थान को बाद में वायु सेना ने लिया था। कुछ क्षेत्र को मुक्त कर दिया गया था। अभी यह क्षेत्र वायु सेना की एक यूनिट ए० एस० पी० के पास है और इसके सम्बन्ध में 11 जनवरी 1969 को अधिसूचना जारी की गई थी। परामर्शदात्री समिति में इस विषयपर हम लोग चर्चा करना चाहते थे। वायुसेना के उक्त यूनिट ने हवाई पट्टी के 3500 गज के अन्दर शेड, कारखाने आदि बनाये जाने पर आपत्ति की थी। इण्डियन एक्सप्रेस में यह प्रकाशित हुआ है कि प्रधान मंत्री वे मारुती मामले की सार्वजनिक जांच कराने की पेशकश की है। मेरा सुझाव है कि उनको ऐसा करना चाहिए। उससे सारी स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। यदि इस मामले की जांच नहीं होती तो फिर इस देश में किसी मामले पर भी ध्यान नही दिया जायेगा। मैं इस पर सरकार पर आरोप लगाता हूँ कि उसने एक व्यक्ति विशेष का साथ पहुंचाने के लिए अपनी शक्ति का अनुचित प्रयोग किया है।

सभापति महोदय : आप का समय खत्म हो गया है। फिर भी आप तीन अथवा चार मिनट और बोल सकते हैं।

श्री ज्योतिर्मय बसु : मैंने एक प्रश्न में पूछा था कि मारुति लिमिटेड को कितना इस्पात आबंटित किया गया है। इस पर मंत्री महोदय ने कहा कि जानकारी एकत्रित की जा रही है और बाद में सभापटल पर रख दी जायेगी। यह प्रश्न 8 मार्च 1973 को पुनः पूछा गया था परन्तु उत्तर वही दिया गया जो पहले प्रश्न के उत्तर में दिया गया था। मैं यह जानना चाहता था कि राष्ट्रीयकृत बैंकोंने मारुति लिमिटेड को कितना ऋण दिया है तो श्री चव्हाण ने कहा कि बैंक सम्बन्धी मामलो को यहां पर नहीं बताया जा सकता। क्या यह सच है कि यह युवक अब मारूती लिमिटेड से निकला गया है और उसने बहुत अधिक धन राशि ले ली है और अब वह

[श्री जोतिर्मय बसु]

केवल परामर्शदाता के रूप में ही वहां पर है? यह कारखाने लगाने के लिए लगभग 1500 व्यक्तियों को बेकार किया गया है। श्री सुब्रह्मण्यम लोगों के न्यायालय में जाने की बात करते हैं। परन्तु आज लोगों को न्यायालय में न्याय नहीं मिल रहा है। क्या कोई जज सरकार अथवा प्रधान मंत्री के लड़के के विरूद्ध निर्णय देगा? सरकार तो सर्वोच्च न्यायालय के जजों में भी उचित व्यवहार नहीं कर रही है। इस एक व्यक्ति के लिए गरीब किसानों से लाखों रुपये की भूमि छीन ली गई है। 60,000 एकड़ भूमि का मूल्य केवल 9000 रुपये ही लया गया है। भूमि अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत 15 दिन का नोटिस देना अनिवार्य है। आपने नोटिस की प्राप्ति के पश्चात गरीब किसानों को धोखा दिया है। क्या इस दावे को सरकार के विभिन्न विभागों के पास टिप्पणियों के लिए भेजा गया था अथवा नहीं? यदि भेजा गया था तो कब? मैं जानता हूँ ऐसा कभी नहीं किया गया था। यह नोटिस 24 जून 1973 का है जोकि उस भूमि के बारे में है जिसमें रक्षा के हित अन्तर्गस्त है।

सभापति महोदयः आप केवल विचारधीन विषय पर ही बोले।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : 24 जून, 1971 को उस भूमि के बारे में नोटिस टाइप किये गये अथवा हाथ से लिखे गये थे। फिर वे लगभग 10 मील की दूरी पर 300 व्यक्तियों को जारी किये गये थे। सरकार ने उनके 14वें दिन अर्थात 10 जूलाई तक लौटाये जाने की व्यवस्था कर दी थी परन्तु सुनवाई करने के बजाये 15 वें दिन उसके बारे में निर्णय दे दिया गया। किसानों ने अधिक मुआवजा पाने के लिये अपीलें दायर की। उन्होंने रक्षा-निषिद्ध आदेषों का उल्लेख किया कि सरकार भूमि अर्जित नहीं कर सकती। उनकी अपील दायर किये दो साल हो गये हैं। कारखाना बन चुका है, कार भी प्रदर्शित की जा चुकी है परन्तु दावों के बारे में अभी तक मामले भी तैयार नहीं किये गये हैं। अतः मैं श्रीमती गांधी और सरकार से अपील करता हूं कि वह इस मामले की संसदीय जांच करवायें अन्यथा हम उनकी निन्दा करते हैं और मांग करते हैं कि उन्हें सरकार से अलग हो जाना चाहिये।

श्री विक्रम महाजन (कांगड़ा) : श्री ज्योतिर्मय बसु ने इस्पात और बैंक ऋणों का उल्लेख किया है। मोटर कार बनाने के लिये इस्पात की भी आवश्यकता है और ऋण की भी। माननीय सदस्य को पता होना चाहिये कि इस देश में प्रत्येक कारखाना बैंक ऋण की सहायता से चलता है और इसमें कोई गलत बात भी नहीं है। मुख्य बात यह है कि अधिसूचना जारी की गई थी या नहीं। श्री शुक्ल ने अपने वक्तव्य में इस बात का विषेष रूप से उल्लेख किया है कि किसी विधान अथवा अधिसूचना का उल्लंघन नहीं किया गया है। यह अधिसूचना विशेष थी और इसका प्रयोजन वहां पर वर्ष 1962 में आर्मी एम्यनीशन डीपो बनाना था। वर्ष 1965-66 में उस डीपो को हटा लिया गया था। अतः उपरोक्त अधिसूचना का महत्व अब समाप्त हो गया है। अब प्रश्न यह है कि जब वर्ष 1962 की अधिसूचना का प्रयोजन समाप्त हो गया तो वर्ष 1969 की अधिसूचना का क्या महत्व है? जैसाकि श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे ने बताया है वर्ष 1969 की अधिसूचना अवैध है क्योंकि वह संवैधानिक उपबन्धों के अनुरूप नहीं है। वस्तुतः वर्ष 1956 में यह विचार था कि एक नया विधान बनाया जायेगा जिससे रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास गैर-सरकारी लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार की इमारतें बनाये जाने पर रोक लगाई जा सकेगी। परन्तु वास्तव में इस प्रकार का कोई विधान नहीं बनाया जा सका। जिस कमांडर के वर्ष 1971 के पत्र का उल्लेख किया जा रहा है, उसको इन तथ्यों की कोई जानकारी नहीं है। विरोधी दल कमांडर की अनभिज्ञता का लाभ उठाने का प्रयत्न कर रहे है। अतः उन को अनभिज्ञता के आधार पर विशेषाधिकार का मामला नहीं उठाया जा सकता। यह प्रस्ताव निरर्थक है। इस को राजनीतिक उद्देश्य से प्रस्तुत

किया गया है और इसे रद्द कर देना चाहिये। विरोधी दल इस मामले में किसी न किसी प्रकार से प्रधान मंत्री का नाम घसीटना चाहते है। अपना प्रचार करनें का यह सरल तरीका है। वे हम लोगों को बदनाम करना चाहते है। मुझे आशा है कि यह प्रस्ताव रद्द कर दिया जायेगा।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Gwalior) : I have heard the whole discussion very carefully. I want to thank Shri Mishra for successfully presenting his case in an authentic and effective manner. What my congress friends have stated in reply to the facts and arguments presented by him is only legal rangling. It may be that those who could not have got an opportunity to speak in the Court were trying to show their legal efficiency here.

The matter should not be looked from narrow mindedness. I want to know whether this fact could be denied there was an ammunition depot there before the permission to Maruti Ltd., was given to establish a factory at that site. Can this also be denied that there was a ban to build any building near that ammunition depot. Put in this case that ban was not taken into consideration because a factory by Maruti Ltd., was given to establish there. It is needless to mention the same of its owner. Those restrictions were not effective as a result of it. We have discussed at length that there were some defects in the Notification issued in 1969. I want to know as to who is responsible for those defects? The Government officers are responsible for it. Can this fact be neglected due to the technical failure of the Government Officers that no factory can be established at a place where there is an ammunition depot. The matter cannot be corrected by taking out some technical defects of any officer.

It had to see whether that notification was correct or not. Whether its publication in the Gazette was sufficient or not.

Shri N. K. P. Salve : The question is whether the Minister has misled.

Shri Atal Bihari Vajpayee : The Hon. Minister has stated that it was not objected from the security point of view. When the letter of the Commander was read out it was stated that Commander was some-what under misapprehension. The question is whether the Commander objected it or not. It was stated in the letter that the Commander had objected. The Government could not deny the authenticity of the letter. It is another matter whether that letter was correct or not or whether the apprehensions of the Commander were correct or not? The existence of the letter can be denied. The same points were raised earlier as to whether the establishing of the factory there was objected from the security point of view or not? The Hon. Minister has said that it was never objected. I want to know whether he was aware that the Commander had written a letter and therein he had not made any objection to it?

Shri A. K. M. Ishaque (Basirhat) : The letter must be an authorised letter.

Shri Atal Bihari Vajapayee : Authorised by whom. It is strange to say that the Commander-in-charge had written an unauthorised letter. The hon. Minister could have expressed regret for not knowing about the letter.

Mr. Chairman : Only if he yields...is not yielding.

Shri Atal Bihari Vajpayee : He could have come out boldly before the House and could have told the House that when he denied about the letter he did not know whether such a letter hand been written to him. He has not only misled the House but misguided Shri Subramaniam also. Shri Subramaniam told that he was giving the information as received from the Minister of Defence Production. But he told that being Cabinet Minister he was saying that with more responsibility. It has not been contradicted so far not it could be contradicted. The Hon. Minister could not deny the

[Shri Atal Bihari Vajpayee]

authenticity of the letter. Therefore legal points are being made to ascertain whether that notification was valid or not. These matter will be settled in the court. The Parliament has to see the question of justification. I want to know whether the Government can deny the fact that a depot it still there at the place where a defence installation has been established and for which a notification had been issued. There should not be any building near about that depot. I want to know why that rule has not been followed. Nobody would believe the plea that those rules ceased to apply due to mistake committed by some Government Officer.

I want a referendum on the Maruti issue. This issue has lowered the prestige of the Prime Minister Now she has to defend her by saying in public meetings that she has not done any favour by issuing licence to her son. I do not like that the Prime Minister may issue any statement in her defence. She says that her son is industrious and why should he not make progress. There are so many industrious sons in in the country but they have not the previlege of being the son of the Prime Minister and so they cannot establish a factory. He can establish a Car manufacturing factory because he is the son of the Prime Minister. The question is of justification. The question is that of propriety of the administration and maintaining the standard of conduct. I want to know whether some persons working in Maruti have been trained in Hindustan aeronautics Limited?

Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri Vidya Charan Shukla) : It is completely wrong.

Shri Atal Bihari Vajpayee : In case any Parliamentary Committee is formed in this connections. I am prepared to give proofs.

Minister of Railways (Shri L. N. Misra) : This is contradiction issue.

Shri Atal Bihari Vajpayee : You have contradicted this also. Therefore we want that a Parliamentary Committee should be constituted in this matter. It can go into the facts and can bring out the truth.

Shri M. Ramgopal Reddy (Nizamabad) : If an allegation is made against a Minister by a Member, the matter closes after the Minister replies to the allegations.

Shri Atal Bihari Vajpayee : It does not finish The Watergate issue has been compared to that of Maruti issue. In the Watergate issue at least Mr. Nixon has admitted his mistake but in this Maruti affairs no body is prepared to admit his mistake. There is no tradition among our Congress men to accept their mistakes. Sometime back Shri Subramaniam had said : "I do agree that if, because he is the Prime Minister's son anything untowards has happened, if anything undesirable has happened, it should be looked into. Again, I want to give you this assurance that if anything is brought to our notice, it will be inquired into an whoever it might be friend or foe, if irregularities had been committed, either officially or unofficially, proper action will be taken. That assurance I want to give to the, Hon. House".

Some Hon. Members : How fair it is.

Shri Atal Bihari Vajpayee : Merely giving assurance is not enough. They have not been implemented. I want to know what is the objection in appointing a Parliamentary Committee if the Government thinks that there is no bungling in the matter. It is a case of bungling, misusing of power, corruption and of nepotism right from the issuing of letter of intent to the Maruti till the selling of its agencies. The car has not yet been manufactured but the agencies are being sold and crores of rupees have been collected in the process. All this has been done in the name of the Prime Minister.

Shri N. K. P. Salve : Sir, I rise on a point of order. Shri Vajpayee is the leader of a Party. We expect from him ...

Shri Atal Bihari Vajpayee : What is your point of order.

Shri N. K. P. Salve : My point of order is this that under rule 356 they should confine themselves to the subject matter of the motion. This has no concern with the points of justification or corruption. Kindly ask them not to talk irrelevant. If they have nothing more to say, they should finish. I want your ruling. Whether Maruti affairs are relevant to this motion ?

सभापति महोदय : सामान्यतः श्री अटल बिहारी वाजपेयी विषयान्तर नहीं बोलते परन्तु यह एक नाजुक मामला है और इसलिये छोटी मोटी बातों की ओर अधिक ध्यान नहीं दिया जाना चाहिये ।

श्री के०लकप्पा (तुमकुर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। माननीय सदस्य बार बार उन्हीं तर्कों को दोहरा रहे हैं जो अन्य सदस्यों ने पेश किये हैं। अतः ऐसी सभी बातों को सभा के कार्यवाही वृत्तांत से निकाल देना चाहिये ।

सभापति महोदय : पीठासीन अधिकारी इस बात का ध्यान रखेंगे ।

Shri Atal Bihari Vajpayee : I do not understand why our congress friend become agitated when the Maruti issue is brought here. Shri Mahajan was just stating that the opposition parties have made the whole issue political. The Chairman did not stop him at that time and neither our congress friends made any objections to the remarks made by him. If the Government wants to remove the doubts from the minds of the people regarding the Maruti affair, it should appoint a Parliamentary Committee to look into the facts. In case the Government refuses to constitute a Parliamentary Committee in this matter, it accepts that there is something black at the bottom and it wants to hide the facts.

औद्योगिक विकास तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री सी० सुब्रह्मण्यम) : मैं अपनी अन्तरआत्मा से कह सकता हूं कि मैं ने तथ्य प्रस्तुत करते हुए जाने या अनजाने में सभा को कोई गुमराह नहीं किया है। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहना है कि यदि वर्ष 1962 की अधिसूचना वैध होती तो हमें वर्ष 1969 में और अधिसूचना जारी करने की क्या आवश्यकता थीं ? हमने इस बात पर भी विचार करना है कि वर्ष 1969 में की गई कार्यवाही वैध है या नहीं है। यह बताया गया है कि उसमें कुछ त्रुटि रह गई है। हमारा कहना यह है कि कानून के किसी उपबन्ध का उल्लंघन नहीं किया गया है। क्या यह सभा को गुमराह करना है? माननीय सदस्य के विचार में हमारी व्याख्या गलत हो सकती है। यह एक अलग बात है। परन्तु यदि हम तथ्यों की पूरी जांच करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि यह प्रभावकारी नहीं है तो इसमें सभा को गुमराह करने की क्या बात है ? माननीय सदस्य का मत भिन्न हो सकता है ।

[श्री के० एन० तिवारी पीठासीन हुए
SHRI K. N. TIWARI *in the Chair*]

Shri B. P. Maurya (Hapur) : I had been listening to the speech of Shri Atal Bihari Vajpayee very carefully. It contained nothing regarding knowledge facts and law. It was full of politics. Therefore, I hope Shri Vajpayee and his colleagues will not stop me in case I also talk of politics.

I want to submit that at the time when the freedom struggle was going on, some forces were opposed to it. They were also opposed to that democratic feeling after the independence. They were also opposing at the time too when the Five Year Plan for the development, nationalisation and going towards

[Shri B. P. Maurya]

the path of Socialism were prepared. Those forces have again come to fulfil their objects. For that purpose they have taken the assistance of the letter of an army Commander whose self interest was hidden in it. Perhaps most of the Hon. Members are not aware of the fact that the writer of the letter, on the basis of which the matter has been raised by Shri Mishra, was that military officer whose land was acquired (*Interruptions*). The question of acquiring the land was raised at the time when Maruti was not even born and when Haryana State was not even formed. That military officer has misued his position. By this letter he has hatched a conspiracy. When this land was acquired the land of that military officer was also acquired.

Those who have raised this question are the same people who wanted to maintain the privy purses, who had opposed the Bank nationalisation and who, with the help of reactionary forces, wanted to maintain *status quo* here. When these people raised the slogan of 'Indira Hatao', the people trounced them and expressed their confidence in Shrimati Indira Gandhi.

As a result of that Shrimati Indira Gandhi emerged powerful on the political horizon of India, and Shri Vajpayee and his colleagues became unstable. Today, those very people want to tarnish that image and to achieve that end, are hatcing the political conspiracy of this type and are hurling various types of allegations and accuses on Shrimati Indira Gandhi to grind their political axes.

This letter contains details about the notification of 1956 as my other friends stated. This officer either did not know about the notification of 1962 or 1969 or he deliberately concealed those facts. If we look at the 1956 circular, that covers the nearby village also. Within a radius of 3500 yards no construction can take place. There are two aspects of that namely, the use of land and the construction on land. On the basis of circular of 1956 the farmer could make use of the land but he could not have any construction on the land. That establishes that use of land was already there. Inspite of that Shri Jyotirmoy Bosu alleged that even a well was not allowed to be constructed. The fact is that hundreds of bunglows have been built there unauthorisedly. Therefore, either the reference to circular of 1956 is tendentious or he was ignorant of it. The hon. members are very much agitated over the depot on account of which notification of 1962 was issued and which was revoked in 1966, with its revocation in 1966, all those restrictions and obstacles ended which were created in 1962. Although the 1969 Gazette carried this information, there was no notification on that. If Shri Mishra makes a distinction between these two, many things will become clear.

I do not feel bothered about Shri Vajpayee since apparently he has no son or daughter. But there are many hon. members in the House who have sons and daughters. I am of the opinion that no boy or girl should get the benefit of his father being the Prime Minister, Minister or an M. P. But side by side the members of this House, the people of the country, the intelligentia, and the workers shall also have to believe in fact that no young man will get the punishment because his mother happens to be the Prime Minister. I request that one should not be punished because one's father is a Minister. The Defence Minister will tell you how the words of the letter have been moulded.

It appears to me a forged letter. The Defence Minister will throw light on it. When the people are defeated in the field of democracy they try to adopt these tactics. There is no use of doing so. There was no question of raising a point of order or raising a privilege motion. No Minister had committed any breach of privilege. It is only a political stunt.

Shri Bhogendra Jha ((Jainagar) : Mr. Chairman, Sir, it is true that the politics has been brought in this matter. There could not be two opinions in this regard. It is also fact that the owners of Ambassador, Fiat and Standard

